खुशखबरी! इन 125 खिलाडि़यों को पंजाब पुलिस में मिलेगी जॉब

चंडीगढ़ (ब्यूरो): पंजाब सरकार के खेल विभाग ने राज्य के बेहतरीन खिलाडि़यों की पंजाब पुलिस में भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। कुल 125 खिलाडि़यों को डी.एस.पी., सब-इंस्पैक्टर और कांस्टेबल के पदों के लिए भर्ती किया जाऐगा।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 10 खिलाडि़यों को डी.एस.पी., 50 को सब-इंस्पैक्टर और 65 खिलाडि़यों को कांस्टेबल के पद भर्ती किया जाना है। वहीं खिलाड़ी योग्य होंगे जिन्होंने 2012 की ओलिम्पिक खेलों और उसके बाद की खेलों या चैम्पियनशिपों में पदक जीते हो या भाग लिया हो। इससे पहले 2012-2015 में विभिन्न विभागों में 31 खिलाडि़यों को नौकरियां दी जा चुकी हैं।